**सेंट थॉमस स्कूल , साहिबाबाद**

**अभ्यास पत्र, वार्षिक परीक्षा 2023-24**

**विषय-हिंदी (002)**

**समय: 3 घंटे** **कक्षा: 8** **पूर्णांक : 80**

**खण्ड क**

**प्रश्न 1** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **5**

विद्वानों का यह कथन बहुत ठीक है कि नम्रता ही स्वतंत्रता की धात्री या माता है। लोग भ्रमवश अहंकारवृत्ति को उसकी माता समझ बैठते हैं, पर वह उसकी सौतेली माता है जो उसका सत्यानाश करती है। चाहे यह संबंध ठीक हो या न हो, पर इस बात को सब लोग मानते हैं कि आत्म संस्कार के लिए थोड़ी-बहुत मानसिक स्वतंत्रता परम आवश्यक है-चाहे उस स्वतंत्रता में अभिमान और नम्रता दोनों का मेल हो और चाहे वह नम्रता ही से उत्पन्न हो। यह बात तो निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है, उसके लिए वह गुण अनिवार्य है, जिससे आत्मनिर्भरता आती है और जिससे अपने पैरों के बल खड़ा होना आता है।

**(क)** लोगों द्वारा अहंकार वृत्ति को किसकी माता मान लिया जाता है ?

(i) नम्रता की (ii) स्वतंत्रता की (iii) परतंत्रता की (iv) अभिमान की

**(ख)** मानसिक स्वतंत्रता निम्नलिखित में से किसके लिए आवश्यक है ?

(i) नम्रता के लिए (ii) अहंकार वृद्धि के लिए

(iii) आत्म संस्कार के लिए (iv) परतंत्रता के लिए

**(ग)** आत्मनिर्भरता उत्पन्न करने वाला गुण उस मनुष्य में आवश्यक है जो–जीवन जीना चाहता है?

(i) आरामपूर्वक (ii) सम्मानपूर्वक

(iii) मर्यादापूर्वक (iv) अपमानपूर्वक

**(घ)** आत्मनिर्भरता से व्यक्ति------बनता है ?

(i) स्वाबलंबी (ii) परावलंबी

(iii) परमुखापेक्षी (iv) घमंडी

**(ङ)** नम्रता, स्वतंत्रता, अहंकार आदि शब्द हैं -

(i) जातिवाचक संज्ञा (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(iii) भाववाचक संज्ञा (iv) विशेषण

प्रश्न 2 **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर किसी एक पद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **5**

झम-झम, झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के।
चम चम बिजली चमक रही रे डर में उन के,
थम-धम दिन के तम में सपने जगते मन के ।।
पंखों से रे, फैले-फैले ताड़ों के दल,
लंबी-लंबी अंगुलियाँ हैं, चौड़े करतल।
तड़-तड़ पड़ती धार वारि की उन पर चंचल,
टप-टप झरतीं कर मुख से जल बूँदें झलमल ।।
नाच रहे पागल हो ताली दे-दे चल-दल,

झूम-झूम सिर नीम हिलाती, सुख से विकल ।
हरसिंगार झरते बेला कलि बढ़ती प्रति पल,
हँसमुख हरियाली में खगकुल गाते मंगल ।।

**(क)** काव्यांश में किस ऋतु का चित्रण किया गया है ?
(i) ग्रीष्म ऋतु (ii) वर्षा ऋतु (iii) हेमंत ऋतु (iv) शरद ऋतु

**(ख)** पानी की बूँदें कहाँ से छनकर गिर रही हैं ?
(i) आसमान से (ii) पेड़ों से (iii) मेघ से (iv) लताओं से

**(ग)** ताड़ के पेड़ों के पत्ते कैसे दिखाई दे रहे हैं ?
(i) फैले कपड़ों जैसे (ii) बादलों जैसे (iii) पक्षियों के पंखों जैसे (iv) पक्षियों के झुंड जैसे

**(घ)** 'नाच रहे पागल हो ताली दे- दे चल - दल' में 'चल - दल' किसे कहा गया है?
(i) आम (ii) नीम (iii) बरगद (iv) पीपल

**(ङ)** किस ऋतु में मंगल गायन करते हुए कौन दिखाई पड़ रहे हैं ?
(i) बालकों के समूह (ii) बादलों के समूह (iii) पक्षियों के समूह (iv) किसानों के समूह

**खण्ड ख (व्यवहारिक व्याकरण)**

प्रश्न 3 **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(क)** | चाँद के साथ आकाश में तोरे चमक रहे हैं । | (संबंधबोधक शब्द छाँटिए) | **1** |
| **(ख)** | रवि और राम बाजार जाते हैं । | (उचित समुच्चयबोधक शब्द छाँटिए) | **1** |
| **(ग)** | नाना 'सुबह' घूमने जाते हैं । | (क्रियाविशेषण शब्द छाँटिए) | **1** |
| **(घ)** | सुरेश ----- जा रहा है । | (उचित स्थानवाचक शब्द भरिए) | **1** |
| **(ङ)** | ओह !__________ | (विस्मयादिबोधक शब्द का वाक्य बनाइए) | **1** |
| **(च)** | क्रिया विशेषण के कितने भेद हैं ? | | **2** |
| **(छ)** | कारक के कितने भेद होते हैं । उनके नाम लिखिए । | | **1** |
| **(ज)** | (i) सनम्बंध (ii) प्रशाद | (शब्दों को शुद्ध करके लिखिए) | **1** |
| **(झ)** | भाषण देने वाला | (अनेक शब्दो के लिए एक शब्द लिखिए) | **1** |
| **(ञ)** | समुच्चयबोधक के कितने भेद हैं ? उनके नाम लिखिए । | | **2** |
| **(ट)** | (i) दिन (ii) ज्ञानी | (दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए) | **1** |
| **(ठ)** | वाच्य के भेदों के नाम लिखिए । | | **2** |
| **(ड)** | संदीप गाडी चलाता है \| | (वाक्य में विधेय छाँट कर लिखिए) | **1** |
| **(ढ)** | रवि पत्र लिखता है । | (कर्मवाच्य में लिखिए) | **1** |
| **(ण)** | (i) कोमल (ii) चेतन | (विलोम शब्द लिखिए) | **1** |
| **(त)** | छात्र कक्षा---- बैठे हैं। | (उचित परसर्ग भरिए) | **1** |
| **(थ)** | छात्र बस से जाते हैं । | (कारक का भेद लिखिए) | **1** |

**खण्ड ग (पाठ्यपुस्तक)**

प्रश्न 4 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **5**

अचानक बाज ने अपना झुका हुआ सिर ऊपर उठाया और उसकी दृष्टि साँप की गुफा के चारों ओर घूमने लगी। चट्टानों में पड़ी दरारों से पानी गुफा में टपक रहा था। सीलन और अँधेरे में डूबी गुफा में एक भयानक दुर्गंध फैली हुई थी । मानों कोई चीज वर्षों से पड़ी सड़ गई हो।

**(क)** किसने अपना झुका सिर ऊपर उठाया ?

(i) बाज ने (ii) साँप ने (iii) कबूतर ने (iv) कोयल ने

**(ख)** ' बाज' शब्द क्या है ?

(i) संज्ञा (ii) सर्वनाम (iii) विशेषण (iv) क्रिया

**(ग)** 'दुर्गंध' का विलोमार्थी है-

(i) सुगंध (ii) निर्गंध (iii) अगंध (iv) मगंध

**(घ)** इस पाठ के लेखक हैं ?

(i) अजीत वर्मा (ii) निर्मल वर्मा (iii) महादेवी (iv) अन्य कोई

**(ङ)** यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(i) टोपी (ii) निराशा से (iii) बाज और साँप से (iv) निडर बाज से

प्रश्न 5 **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **5**

हम तो केवल यह आँकते हैं
कि एक देश की धरती
दूसरे देश को सुगंध भेजती है।
और वह सौरभ हवा में तैरते हुए
पक्षियों की पाँखों पर तिरता है।
और एक देश का भाप
दूसरे देश में पानी
बनकर गिरता है

**(क)** इस कविता का शीर्षक है -

(i) भगवान (ii) डाकिए (iii) प्रकृति (iv) भगवान के डाकिए

**(ख)** 'धरती' शब्द का पर्यायवाची है-

(i) माँ (ii) बहन (iii) धरा (iv) कोई नहीं

**(ग)** 'सौरभ' शब्द का अर्थ है-

(i) सुंदर (ii) सुगंध (iii) हवा (iv) बादल

**(घ)** इस कविता के कवि हैं -

(i) सूरदास (ii) कबीरदास (iii) जयशंकर प्रसाद (iv) महादेवी वर्मा

**(ङ)** ' सुगंध' में 'सु' क्या है ?

(i) उपसर्ग (ii) प्रत्यय (iii) मूल शब्द (iv) संस्कृत

प्रश्न 6 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **5**

**(क)** भगवान के डाकिए किन्हें कहा गया है ?

**(ख)** ग्रामीण महिलाओं ने साइकिल को क्यों चुना ?

**(ग)** बालक कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछते हैं ?

**(घ)** लोटा किसने ,कितने में खरीदा?

**(ङ)** साइकिल चलाना महिलाओं को क्या अनुभव कराता है ?

प्रश्न 7 **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए -** **8**

**(क)** प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आईं ?

**(ख)** हमारे जीवन में डाकिए की भूमिका पर पाँच वाक्य लिखिए ।

**(ग)** लाला झाऊलाल की आर्थिक स्थिति कैसी थी ?

**(घ)** 'बाज और साँप' पाठ से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

प्रश्न 8 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**(क)** साइकिल ने ग्रामीण महिलाओं को क्या सुविधा प्रदान की ? **3**

**(ख)** बाज के लिए लहरो ने गीत क्यों गाया था ? **3**

**(ग)** बिलवासी मिश्र ने अंग्रेज को उस लौटे का क्या इतिहास बताया ? **3**

**(घ)** मक्खन चुराते और खाते समय श्री कृष्ण थोड़ा - सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं ? **3**

प्रश्न 9 **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए -** **5**

**(क)** आपके विचार से अंग्रेज ने वह पुराना लोटा क्यों खरीद लिया ? लिखिए ।

**(ख)** क्या आप महिलाओं द्वारा साइकिल चलाने को ठीक मानते हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

**खण्ड घ (पत्र-अनुच्छेद)**

प्रश्न 10 बिजली की समस्या के समाधान के लिए विद्युत बोर्ड के प्रबंधक को पत्र लिखिए | **5**

**या**

खेल में अच्छे प्रदर्शन का परिणाम बताते हुए माता जी को पत्र लिखिए |

प्रश्न 11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए | **5**

प्रदूषण

वसंत ऋतु

प्रात : कालीन सैर